समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# शतक के जश्न मे आंई तेज़ गेदं! बाल-बाल बचे बांग्लादेश के बल्लेबाज शंटो, VIDEO वायरल।

Publisher

Published on 18 Jun 2025



## गॉल टेस्ट मे बांग्लादेश की धमाकेदार वापसी।

**SL vs BANG Test Match: वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 (WTC)** के तहत **श्रीलंका** और **बांग्लादेश** के बीच **पहला टेस्ट गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम** में खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल बांग्लादेश के नाम रहा।

**292/3 के स्कोर पर दिन का खेल समाप्त हुआ**। बांग्लादेश ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए शानदार वापसी की, जिसकी नींव रखी नजमुल हुसैन शंटो और मुशफिकुर रहीम ने।

**शंटो का शतक और वायरल VIDEO**
नजमुल हुसैन शंटो ने जैसे ही अपना शतक पूरा किया, वह उत्साह में हवा में उछल पड़े। लेकिन इसी दौरान **तेज गति से आई गेदं उनके पास से गुजरी और वह बाल-बाल बच** गए।

सोशल मीडिया पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें शंटो पहले खुद को बचाते हैं और फिर हंसते हुए अपना जश्न पूरा करते हैं।

यह पल न केवल मजेदार था, बल्कि उनके आत्मविश्वास और मैदान पर फोकस का भी प्रमाण था।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/06/x-downloader.com_wAEoJy.mp4
बांग्लादेश की जोड़ी ने दिलाई मजबूती
**नजमुल हुसैन शंटो**: 136* रन

**मुशफिकुर रहीम**: 105* रन
**साझेदारी :** 247 रन (नाबाद)

तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद **बांग्लादेश संकट** में थी, लेकिन इस अनुभवी जोड़ी ने **श्रीलंका की गेदंबाजी** को ध्वस्त कर दिया।

**श्रीलंका की गेदंबाजी नाकाम**

१. **थारिंदु रत्नायके ने शुरू मे 2 विकेट लेकर बांग्लादेश को संकट मे डाला**
२. **लेकिन आगे चलकर श्रीलंकाई स्पिन अटैक पूरी तरह से विफल रहा**
३. **प्रभात जयसूर्या और रत्नायके ने मिलकर 61 ओवर फेकें, लेकिन मात्र 2 विकेट ही मिले**

**एंजेलो मैथ्यूज का आखिरी टेस्ट**

इस मुकाबले में श्रीलंका के दिग्गज **ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज** अपना **आखिरी टेस्ट मैच** खेल रहे हैं। पूरी टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश में लगी है, लेकिन पहले दिन का खेल उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

**अब नजरे बड़े स्कोर पर**

बांग्लादेश अब इस टेस्ट में बड़ी पहली पारी की ओर बढ़ रहा है। टीम चाहेगी कि 500+ का स्कोर बनाकर मैच पर पूरी पकड़ बना ले।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.